e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, रविवार, 11 जून 2017, आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष द्वितीया, संवत् 2074 विक्रमी
वर्ष-10, अंक-236, पृष्ठ-16
website : www.dnahindi.com
शब्द शब्द संघर्ष
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
RNI NO.: UPHIN/2007/41982
डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18
संस्करण : लखनऊ ■ इलाहाबाद ■ वाराणसी ■ फैजाबाद ■ कानपुर

तकनीकी विषयों पर लिखी दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेण्ट साइन्सेज लखनऊ के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह द्वारा तकनीकी विषयों पर लिखी गई दो पुस्तकों का कुलपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय प्रो. विनय पाठक ने अपने कार्यालय में विमोचन किया। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि यह पुस्तके

प्राविधिक शिक्षा के शोध कार्यों में अत्यन्त सहयोग करते हुए मील का पत्थर साबित होगी। पहली पुस्तक डेवलपमेण्ट एण्ड एनालिसिस ऑफ ए नावेल एयर इंजन जो वर्तमान व भविष्य में वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग से कार्बन प्रतिशत घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी तथा शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। यह पुस्तक विश्व के ख्याति प्राप्त विक्रेता एमेजन तथा अन्य प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं पर उपलब्ध है। डॉ. सिंह की दूसरी पुस्तक जिसका शीर्षक ए हैण्ड बुक ऑन फ्रिक्सन स्टायर बिल्डिंग है, पर लिखी गयी है, वर्तमान में भारत व विश्व के कई विश्वविद्यालयों इसे प्राविधिक शिक्षा के पाठयक्रमों में सम्मिलित कर चुके हैं। यह पुस्तक नवीनतम तकनीकी द्वारा हवाईजहाज, पन्डुबियों एवं रॉकेट आदि में उपयोग होने वाले धातुओं के वेल्डिंग में अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगी तथा शोधार्थियों को भी मदद पहुंचायेगी। यह पुस्तक भी विश्व के ख्याति प्राप्त विक्रेता एमेजन तथा अन्य प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं पर उपलब्ध है।